Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# BPSC LDC

## Previous Year Paper
### Prelims 26 Feb 2022
### (Hindi)

Teachingninja.in

04/NVL/PT–2022

Candidate's Roll Number

Serial No. 50427

Question Booklet Series

**C**

Question Booklet

# GENERAL KNOWLEDGE

**Time Allowed : 2 hours 15 minutes**

**Maximum Marks : 600**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **150** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 48 printed pages and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
4. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
5. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
6. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
7. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
8. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
9. In the Answer Sheet, there are **four** brackets—(A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE bracket of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
10. For each question for which a wrong answer has been given by the candidates, **one-fourth** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.

**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।**

Teachingninja.in

1. टोक्यो ओलम्पिक, 2020 में भारत ने कितने पदक प्राप्त किए?

(A) 12
(B) 7
(C) 4
(D) 10

2. भारत में किस संगठन ने एड्वान्स्ड 'चैफ' तकनीक विकसित की है?

(A) एच० ए० एल०
(B) इसरो
(C) आइ० ए० एफ०
(D) डी० आर० डी० ओ०

3. भारत द्वारा 'ऑपरेशन देवी शक्ति' किस देश में किया गया?

(A) पाकिस्तान
(B) अफगानिस्तान
(C) ईरान
(D) चीन

4. मॉरिशस की राजधानी है

(A) सुरेपिपे
(B) ग्रैन्ड बेई
(C) पोर्ट लुईस
(D) महेबर्ग

5. जापान की मुद्रा है

(A) डॉलर
(B) रेन्मिन्बी
(C) येन
(D) वॉन

6. *द नाइट वॉचमैन* उपन्यास के लेखक हैं

(A) लुईस एरड्रिच
(B) एच० जे० लास्की
(C) कटोरी हॉल
(D) बिल क्लिंटन

7. पंजाबी भाषा की लिपि है

(A) देवनागरी
(B) ब्राह्मी
(C) गुरमुखी
(D) द्रविड़

8. अफगानिस्तान के राष्ट्रपति का नाम, जोकि हाल ही में देश से भाग गया, है

(A) हामिद करजई
(B) रुला गनी
(C) बुरहानुद्दीन रब्बानी
(D) एम० अशरफ गनी

9. हिन्दी भाषा में वर्ष 2020 के साहित्य अकादमी पुरस्कार के विजेता हैं

(A) अनामिका
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) चित्रा मुदगल
(D) एन० के० आचार्य

10. 127वाँ संविधान संशोधन विधेयक, 2021 संबंधित है

(A) आरक्षण से
(B) नागरिकता से
(C) कृषि सुधारों से
(D) उच्च शिक्षा से



Teachingninja.in

**11.** बीज के द्वारा भविष्य में पौधा बनाने वाला भाग होता है

(A) बीजपत्र

(B) बीज आवरण

(C) जर्म कोशिका

(D) भ्रूण

**12.** निम्न में से कौन-से ऊर्जा खाद्य-पदार्थ हैं?

(A) कार्बोहाइड्रेट एवं वसा

(B) प्रोटीन एवं खनिज लवण

(C) विटामिन एवं खनिज

(D) पानी एवं चारा (रेशायुक्त वनस्पतियाँ)

**13.** फफूँदियों में पोषण की विधि होती है

(A) परजीवी पोषण

(B) प्राणिसमभोजी पोषण

(C) स्वपोषी पोषण

(D) मृतोपजीवी पोषण

**14.** कोशिका के किस भाग में ग्लाइकोलिसिस की क्रिया होती है?

(A) कोशिकाद्रव्य

(B) नाभिक

(C) माइटोकॉन्ड्रिया

(D) क्लोरोप्लास्ट

**15.** पत्तियों में उपस्थित उन छिद्रों के नाम लिखिए, जिनके द्वारा श्वसन-क्रिया में गैसों का आदान-प्रदान होता है।

(A) वातरंध्र

(B) रसधानी

(C) जाइलम

(D) रंध्र

**16.** ब्रायोफाइट में होते हैं

(A) लिवरवर्ट एवं फर्न

(B) मॉस एवं फर्न

(C) मॉस एवं लिवरवर्ट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** नारियल के फल का प्रसार होता है

(A) रेशायुक्त मीजोकार्प से

(B) रेशायुक्त एपीकार्प से

(C) रेशायुक्त एन्डोकार्प से

(D) मुड़े हुए हुक से

**18.** द्विबीजपत्री तना में संवहनी बंडल होते हैं

(A) रेडियल

(B) संकेन्द्रित

(C) संपार्श्विक

(D) उत्केन्द्रिक



Teachingninja.in

19. डिटर्जेंट के निर्माण में प्रयुक्त होने वाला एंजाइम है

(A) प्रोटिएज

(B) एमाइलेज

(C) रैनेट

(D) लाइपेज

20. क्रॉसिंग-ओवर में होता है

(A) गुणसूत्रों का दोहराव

(B) गुणसूत्रों का विलोपन

(C) आनुवंशिक सामग्री का आदान-प्रदान

(D) गुणसूत्रों का संकलन

21. प्रजातियों के विकास के प्राकृतिक चयन का सिद्धांत दिया था

(A) मेन्डल ने

(B) डारविन ने

(C) लामार्क ने

(D) वीज़मान ने

22. निम्न में से कौन-सी बीमारी यौन संचारित नहीं है?

(A) सिफिलिस

(B) हेपेटाइटिस

(C) एच० आइ० वी०-एड्स

(D) गोनोरिया

23. अनुकूल परिस्थितियों में अमीबा जनन करता है

(A) एकाधिक विखंडन द्वारा

(B) द्विखंडन द्वारा

(C) मुकुलन (बडिंग) द्वारा

(D) विखंडन द्वारा

24. निम्न में से किस वर्ग के जन्तुओं का प्रगुहा (सीलोम) रक्त से भरा हुआ होता है?

(A) आर्थ्रोपोडा

(B) एनिलिडा

(C) निमेटोडा

(D) एकाइनोडर्माटा

25. टेपवॉर्म के खंड कहलाते हैं

(A) स्कोल

(B) सिस्टीसरकस

(C) प्रोग्लोटिड

(D) ऑन्कोस्फेयर

26. *टीनिया सोलियम* को सामान्य रूप से कहते हैं

(A) बीफ टेपवॉर्म

(B) पोर्क टेपवॉर्म

(C) कैटल टेपवॉर्म

(D) शीप टेपवॉर्म



Teachingninja.in

**27.** भोजन अभिग्रहण करने वाला अंग होता है

(A) खाद्य रसधानी

(B) संकुचनशील रसधानी

(C) स्यूडोपोडियम

(D) नाभिक

**28.** कीट साँस लेते हैं

(A) गलफड़ा द्वारा

(B) नासारंध्र द्वारा

(C) श्वासरंध्र द्वारा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** लाइसोसोम होते हैं

(A) पाचन केन्द्र

(B) श्वसन केन्द्र

(C) उत्सर्जन केन्द्र

(D) ऊर्जा केन्द्र

**30.** किस जीव में पौधों एवं जन्तुओं के लक्षण पाए जाते हैं?

(A) जीवाणु

(B) मोनेरा

(C) यूग्लिना

(D) माइकोप्लाज्मा

**31.** रबड़ को सल्फर के साथ गर्म करने को कहते हैं

(A) गैल्वेनाइजेशन

(B) वल्केनाइजेशन

(C) बेसेमेराइजेशन

(D) सल्फोनेशन

**32.** निम्न में से कौन-सा रासायनिक रूप से सर्वाधिक सक्रिय है?

(A) क्लोरीन

(B) फ्लुओरीन

(C) लीथियम

(D) आयोडिन

**33.** अमलगम किसकी मिश्रधातु है?

(A) ताँबा एवं टिन

(B) पारा

(C) सीसा एवं टिन

(D) ताँबा एवं जस्ता

**34.** ऐल्केलॉइड होते हैं

(A) अम्ल, जोकि पानी में घुलनशील हैं

(B) अम्ल, जोकि पानी में घुलनशील नहीं हैं

(C) क्षार, जोकि पानी में घुलनशील नहीं हैं

(D) क्षार, जोकि पानी में घुलनशील हैं



Teachingninja.in

35. चूने का पानी क्लोरीन से क्रिया कर बनाता है

(A) ब्लीचिंग पाउडर

(B) बेकिंग पाउडर

(C) बेकिंग सोडा

(D) वॉशिंग सोडा

36. मेन्डेलीव के समय कुल ज्ञात तत्त्वों की संख्या थी

(A) 63

(B) 65

(C) 62

(D) 64

37. 'बेकिंग सोडा' का रासायनिक नाम क्या है?

(A) सोडियम कार्बोनेट

(B) सोडियम बाइकार्बोनेट

(C) सोडियम नाइट्राइट

(D) सोडियम नाइट्रेट

38. कौन-सा एन्जाइम ग्लूकोज को एथिल ऐल्कोहॉल में परिवर्तित कर देता है?

(A) इन्वर्टेज

(B) माल्टेज

(C) जाइमेज

(D) डायस्टेज

39. गैल्वेनाइजेशन होता है

(A) लोहे पर ऐलुमिनियम का निक्षेप

(B) लोहे पर ताँबे का निक्षेप

(C) लोहे पर टिन का निक्षेप

(D) लोहे पर जस्ते का निक्षेप

40. गैस गुब्बारों में हाइड्रोजन की जगह हीलियम गैस इसलिए भरी जाती है, क्योंकि यह

(A) ज्यादा स्थायी होती है

(B) हाइड्रोजन से हल्की होती है

(C) ज्वलनशील नहीं होती है

(D) हाइड्रोजन से अधिक मात्रा में होती है

41. दबाव बढ़ाने से किसी पदार्थ का क्वथनांक

(A) बढ़ जाता है

(B) कम हो जाता है

(C) एक-सा ही रहता है

(D) शून्य हो जाता है

42. खगोलीय दूरी मापने की इकाई क्या है?

(A) प्रकाश-वर्ष

(B) ऐंग्स्ट्रॉम

(C) वेबर

(D) लक्स



Teachingninja.in

**43.** प्रकाश की गति न्यूनतम होगी, जब वह गुजरेगा

(A) पानी में से

(B) शून्य स्थान में से

(C) वायु में से

(D) काँच में से

**44.** किसी ट्यूब लाइट में चोक लगाने का उद्देश्य होता है

(A) उच्च वोल्टेज को प्रेरित करना

(B) कम प्रतिरोध को प्रेरित करना

(C) उच्च प्रतिरोध को प्रेरित करना

(D) कम वोल्टेज को प्रेरित करना

**45.** बरसात की बूँदों का गोल आकार होता है

(A) श्यानता के कारण

(B) सतही तनाव के कारण

(C) घर्षण के कारण

(D) लोच के कारण

**46.** अगर ध्वनि वायु से जल में प्रवेश करती है, तब किसकी मात्रा में परिवर्तन नहीं होता है?

(A) वेग

(B) आवृत्ति

(C) तरंगदैर्घ्य

(D) आयाम

**47.** ऑप्टिकल फाइबर किस सिद्धांत पर कार्य करता है ?

(A) प्रकीर्णन

(B) व्यतिकरण

(C) पूर्ण आंतरिक परावर्तन

(D) अपवर्तन

**48.** विभाजन की दीवारों में ध्वनि अवशोषित करने के लिए सर्वोत्तम पदार्थ है

(A) स्टोन चिप्स

(B) इस्पात

(C) काँच की रूई

(D) काँच के टुकड़े

**49.** घड़ी में क्वॉर्ट्ज क्रिस्टल का कार्य करना किस पर आधारित है?

(A) पीजोइलेक्ट्रिक प्रभाव

(B) एडीसन प्रभाव

(C) फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव

(D) जॉन्सन प्रभाव

**50.** पेरिस्कोप किस सिद्धांत पर कार्य करता है?

(A) पूर्ण आंतरिक परावर्तन

(B) केवल परावर्तन

(C) विवर्तन

(D) परावर्तन एवं अपवर्तन



Teachingninja.in

51. दो पासों को एकसाथ फेंकने में, कुल 7 प्राप्त करने की संभावना क्या है?

(A) 1/6

(B) 1/4

(C) 2/3

(D) 3/4

52. $(\log_b a \times \log_c b \times \log_a c)$ बराबर है

(A) 0

(B) 1

(C) $abc$

(D) $a+b+c$

53. 'APPLE' शब्द के अक्षरों को कितने तरीकों से व्यवस्थित किया जा सकता है?

(A) 720

(B) 120

(C) 60

(D) 180

54. यदि $2^x = 3^y = 6^{-z}$, तो $\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{y}+\frac{1}{z}\right)$ बराबर है

(A) 0

(B) 1

(C) $\frac{3}{2}$

(D) $-\frac{1}{2}$

55. एक वर्ग का विकर्ण $4\sqrt{2}$ से० मी० है। दूसरे वर्ग का विकर्ण, जिसका क्षेत्रफल पहले वर्ग से दोगुना है, है

(A) 16 से० मी०

(B) $8\sqrt{2}$ से० मी०

(C) $4\sqrt{2}$ से० मी०

(D) 8 से० मी०

56. एक समतल जमीन पर एक बिन्दु $P$ से एक मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है। यदि मीनार की ऊँचाई 100 मी० है, तो मीनार के पाद से बिन्दु $P$ की दूरी है

(A) $100\sqrt{3}$ मी०

(B) $\frac{100}{\sqrt{3}}$ मी०

(C) $\frac{50}{\sqrt{3}}$ मी०

(D) $50\sqrt{3}$ मी०



Teachingninja.in

**57.** एक गुणोत्तर श्रेणी (GP) का सातवाँ पद चौथे पद का 8 गुना है। जब इसका पाँचवाँ पद 48 है, तो पहला पद क्या होगा?

(A) 4

(B) 3

(C) 5

(D) 2

**58.** एक वृत्त की त्रिज्या 13 से० मी० है और इसकी एक जीवा की लम्बाई 24 से० मी० है, तो केन्द्र से जीवा की दूरी है


(A) 10 से० मी०

(B) 8 से० मी०

(C) 5 से० मी०

(D) 5·5 से० मी०

**59.** नीचे दिया गया पाई चार्ट एक प्रकाशक द्वारा एक पुस्तक लाने में किए गए खर्च को दर्शाता है :




यदि मुद्रण की लागत ₹ 17,500 है, तो रॉयल्टी है

(A) ₹ 8,750

(B) ₹ 7,500

(C) ₹ 3,150

(D) ₹ 6,300

**60.** राकेश सीधे पूर्व की ओर चलने लगता है। 75 मी० चलने के बाद वह बाईं ओर मुड़ता है और 25 मी० सीधा चलता है। फिर से वह बाईं ओर मुड़ता है तथा 40 मी० की सीधी दूरी तय करता है, फिर से वह बाईं ओर मुड़ता है और 25 मी० की सीधी दूरी तय करता है। वह प्रारंभिक बिन्दु से कितना दूर है?

(A) 25 मी०

(B) 50 मी०

(C) 140 मी०

(D) 35 मी०



Teachingninja.in

**61.** अंग्रेजी भाषा में यदि 1 को A के रूप में, 2 को B के रूप में, 3 को C के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो FLOWER को उसी कूट में कैसे लिखा जा सकता है?

(A) 6 12 15 23 5 18

(B) 6 12 18 23 5 15

(C) 6 21 15 23 5 18

(D) 6 18 12 3 5 15

**62.** यदि जानवर जो टहल सकते हैं, उनको तैराक कहते हैं, जानवर जो रेंग सकते हैं, उनको फ्लाइंग कहते हैं, वे जो पानी में रहते हैं, उनको साँप कह सकते हैं और वे जो आकाश में उड़ सकते हैं, उनको शिकारी कह सकते हैं, तो छिपकली को क्या कह सकते हैं?

(A) तैराक

(B) साँप

(C) शिकारी

(D) फ्लाइंग

**63.** निम्न श्रेणी में कौन-सी संख्या लुप्त है?

1, 1, 4, 8, 9, ?, 16, 64

(A) 19

(B) 17

(C) 27

(D) 15

**64.** निम्न श्रेणी में कौन-सी संख्या गलत है?

1, 3, 8, 19, 42, 88, 184

(A) 8

(B) 42

(C) 184

(D) 88

**65.** निम्न श्रेणी में कौन-सा पद लुप्त है?

Q, N, K, ?, E

(A) M

(B) H

(C) G

(D) F

**66.** निम्न श्रेणी में कौन-सा पद लुप्त है?

FLP, INS, LPV, ?


(A) MRY

(B) ORZ

(C) OSY

(D) ORY

**67.** तीन त्रिभुज की प्रत्येक भुजा का मान दिया गया है। त्रिभुज की तीनों भुजाओं तथा बीच के मान किसी अंकगणितीय संबंध से जुड़े हैं :




दूसरे त्रिभुज के बीच का लुप्त मान है

(A) 14

(B) 27

(C) 22

(D) 24



Teachingninja.in

68. नीचे कुछ अंकों का एक मैट्रिक्स दिया गया है। ये अंक पंक्ति-अनुसार अथवा स्तंभ-अनुसार एक खास नियम का अनुसरण करते हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 18 | 15 |
| 3 | 2 | 5 |
| 4 | 3 | ? |
| 8 | 27 | 9 |

लुप्त अंक है

(A) 4

(B) 3

(C) 6

(D) 8

69. यदि KUMAR को LVNBS के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो EMOTIONAL को उसी कूट में कैसे लिखा जा सकता है?

(A) FNQUJQBMP

(B) FNPUJPOBM

(C) GNPUNPOBM

(D) GNQUJQOBM

70. यदि RAT = 42 और CAT = 57, तो LATE बराबर है

(A) 60

(B) 70

(C) 64

(D) 74

71. नीचे दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिसमें वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं :

1. Precede
2. Precision
3. Precise
4. Precept
5. Preach
6. Prelude

सही क्रम है

(A) 5, 3, 1, 4, 2, 6

(B) 5, 1, 4, 3, 2, 6

(C) 5, 1, 3, 4, 2, 6

(D) 5, 1, 4, 2, 3, 6

72. एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों में मनीषा ऊपर से सोलहवें और नीचे से उनतीसवें स्थान पर रही। छह छात्रों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया और पाँच इसमें अनुत्तीर्ण हो गए। कक्षा में कितने छात्र थे?

(A) 40

(B) 44

(C) 50

(D) 55

73. यदि 9 से 59 तक की संख्याओं, जो 3 से विभाज्य हैं, को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो नीचे से दसवें स्थान की संख्या है

(A) 36

(B) 39

(C) 30

(D) 27



Teachingninja.in

**74.** यदि '×' का अर्थ '+' है, '−' का अर्थ '×' है, '+' का अर्थ '+' है और '+' का अर्थ '−' है, तो $(3-15+19)\times 8+6$ बराबर है

(A) 8 (B) 4

(C) 2 (D) −1

**75.** झा-लाल-खन्ना ऐन्ड कं० के साथ 70 किरानी काम कर रहे हैं, जिनमें से 30 महिलाएँ हैं। अधिक जानकारी निम्न है : 40. male

I. 30 किरानी विवाहित हैं।

II. 24 किरानी 25 वर्ष से ज्यादा उम्र के हैं।

III. 19 विवाहित किरानी 25 वर्ष से ज्यादा उम्र के हैं, उनमें से 7 पुरुष हैं।

IV. 12 पुरुष 25 वर्ष से ज्यादा उम्र के हैं।

V. 15 पुरुष विवाहित हैं।

अविवाहित महिलाओं की संख्या है

(A) 12 (B) 15

(C) 18 (D) 10

**76.** ओलम्पिक खेलों में 6 राष्ट्रों के ध्वज को निम्न प्रकार से फहराया गया :

अमेरिका का ध्वज भारतीय तिरंगे के बाईं ओर और फ्रांस के ध्वज के दाईं ओर था। ऑस्ट्रेलिया का ध्वज भारतीय ध्वज के दाईं ओर था लेकिन जापान के ध्वज के बाईं ओर था जो चीन के ध्वज के बाईं ओर था।

केन्द्र में दो ध्वज थे

(A) अमेरिका और भारत के

(B) जापान और ऑस्ट्रेलिया के

(C) अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के

(D) भारत और ऑस्ट्रेलिया के

**77.** *P*, *Q*, *R* और *S* (चार आदमी) को एक पंक्ति में बैठना है। लेकिन *R* और *S* एकसाथ नहीं बैठ सकते हैं। *Q* तीसरे स्थान में नहीं बैठ सकता है। निम्न में से कौन-सा गलत होना चाहिए?

(A) *P* पहले स्थान पर है

(B) *P* दूसरे स्थान पर है

(C) *P* तीसरे स्थान पर है

(D) *P* चौथे स्थान पर है

**78.** दुबे की बेटी सोनी, प्रीति से कहती है, "तुम्हारी माँ श्यामा मेरे पिता की सबसे छोटी बहन है और दुबे के पिता की तीसरी संतान प्रभात है"। प्रभात, प्रीति से कैसे संबंधित है?

(A) चाचा/मामा

(B) पिता

(C) दादा/नाना

(D) ससुर

**79.** फोटोग्राफी में एक आदमी की ओर इशारा करते हुए अर्चना ने कहा, "वह मेरे दादा के इकलौते बेटे का बेटा है"। वह आदमी अर्चना से कैसे संबंधित है?

(A) चचेरा भाई

(B) भतीजा

(C) भाई

(D) बेटा



Teachingninja.in

80. आकाश ने मोहित से कहा, "नीले रंग की कमीज में वह लड़का मेरे पिता की पत्नी की पुत्री के दो भाइयों में छोटा है"। नीले रंग की कमीज वाला लड़का आकाश से कैसे संबंधित है?

(A) पिता

(B) चाचा

(C) भाई

(D) भतीजा

81. गाँव चिमूर उत्तर में गाँव रीवा से 20 कि० मी० दूर है। गाँव रहाटे, गाँव रीवा के पूर्व में 18 कि० मी० दूर है। गाँव अंगे, गाँव चिमूर के पश्चिम में 12 कि० मी० दूर है। यदि संजय रहाटे गाँव से चलना शुरू करता है और अंगे गाँव जाता है, तो वह अपने प्रारंभिक स्थान से किस दिशा में है?

(A) उत्तर

(B) उत्तर-पश्चिम

(C) दक्षिण

(D) दक्षिण-पूर्व

82. घंटे का संबंध सेकंड से है, उसी तरह टर्शियरी का संबंध किससे है?

(A) ऑर्डिनरी

(B) सेकन्डरी

(C) प्राइमरी

(D) इन्टरमीडियरी

83. खेल का संबंध लोगो से है, उसी तरह राष्ट्र से संबंधित है

(A) प्रतीक

(B) जानवर

(C) शासक

(D) गान

84. क्रम AEZ : EIY :: IOX : ? के लिए :: के बाईं ओर दो पद किसी तरह से संबंधित हैं और :: के दाईं ओर के दो पद भी उसी तरह संबंधित हैं। चौथा पद किसके बराबर है?

(A) UYZ

(B) AEX

(C) EIX

(D) OUW

85. तीन परस्पर संबंधित शब्दों का एक समूह नीचे दिया गया है :

Marble : Slate : Gneiss

दिए गए विकल्पों में से वह शब्द चुनिए, जो उस समूह से संबंधित है।

(A) Quartzite

(B) Limestone

(C) Coal

(D) Sandstone

86. अनुक्रम 225 : 257 :: 289 : ? के लिए लुप्त मान है

(A) 301

(B) 316

(C) 320

(D) 325

[ P.T.O.



Teachingninja.in

**87.** दिए गए समुच्चय 192, 282, 372 के लिए एक संख्या, जो दिए गए समुच्चय की संख्याओं के अनुरूप है, बराबर है

(A) 453

(B) 461

(C) 236

(D) 425

**88.** निम्न अनुक्रम में कौन-सा विषम है?

Milk, Cake, Syrup, Tea, Squash


(A) Milk

(B) Syrup

(C) Cake

(D) Tea

**निर्देश** (प्रश्न सं० **89** और **90**) **:** निम्न आकृति का अध्ययन कीजिए। इस आकृति में त्रिभुज, डॉक्टर को; वृत्त, खिलाड़ी को तथा आयत, कलाकार को प्रदर्शित करता है।




**89.** कितने कलाकार, खिलाड़ी हैं?

(A) 30

(B) 29

(C) 25

(D) 17

**90.** कितने डॉक्टर, खिलाड़ी और कलाकार दोनों हैं?

(A) 6

(B) 8

(C) 4

(D) 3

**91.** जैसे फूल, एक गुलदस्ता है, वैसे ही मंत्री है एक

(A) मत

(B) मंत्रिमण्डल

(C) चुनाव-क्षेत्र

(D) विभाग

**92.** उसे चुनिए, जो समूह से संबंधित नहीं है।

(A) 3 : 8

(B) 6 : 35

(C) 7 : 50

(D) 1 : 0

**93.** वह कौन-सा विषम है, जो समूह से संबंधित नहीं है?

(A) Yen

(B) Lira

(C) Dollar


(D) Ounce

[ P.T.O.



Teachingninja.in

**94.** निम्न आरेख में त्रिभुज, स्कूल शिक्षक को; वर्ग, विवाहित व्यक्ति को और वृत्त, संयुक्त परिवार में रहने वालों को दर्शाता है :




संयुक्त परिवार में रहने वाले लेकिन स्कूल शिक्षक के रूप में काम नहीं करने वाले विवाहित व्यक्ति को किसके द्वारा दर्शाया जाता है?


(A) *C*

(B) *B*

(C) *D*

(D) *A*

**95.** निम्न आकृति में कितने वर्ग हैं?



(A) 6

(B) 7

(C) 9

(D) 10

**96.** 'VERBAL' शब्द का सही दर्पण-प्रतिबिम्ब है


(A) LABREV

(B) ⅃ЯVƎBA

(C) ЯƎVBA⅃

(D) ⅃ABЯƎV

**97.** निम्न आकृति में कितनी सीधी रेखाएँ हैं?



(A) 11

(B) 14

(C) 16

(D) 17

**98.** अमर, अकबर और एंथोनी की कुल आयु 80 वर्ष है। तीन साल पहले उनकी आयु का कुल योग कितना था?

(A) 71 वर्ष

(B) 72 वर्ष

(C) 74 वर्ष

(D) 77 वर्ष



Teachingninja.in

**99.** शहर $P$ से $Q$ के लिए दो बस टिकटों और शहर $P$ से $R$ के लिए तीन बस टिकटों की कीमत ₹ 77 है, लेकिन शहर $P$ से $Q$ के लिए तीन बस टिकटों और शहर $P$ से $R$ के लिए दो बस टिकटों की कीमत ₹ 73 है। $P$ से शहरों $Q$ और $R$ का किराया क्या है?

(A) ₹ 4, ₹ 23

(B) ₹13, ₹ 17

(C) ₹ 15, ₹ 14

(D) ₹ 17, ₹ 13

**100.** एक छात्र ने जितना प्रश्न सही किया उसका दुगुना प्रश्न गलत किया। यदि वह कुल 48 प्रश्न हल करने का प्रयास करता है, तो उसने कितने प्रश्नों का सही हल किया?

(A) 12

(B) 16

(C) 18

(D) 24

**101.** गायों और मुर्गियों के एक समूह में पैरों की संख्या सिर की संख्या से दुगने से 14 अधिक है। गायों की संख्या है

(A) 5

(B) 7

(C) 10

(D) 12

**102.** रानी, रीता, सुखदा, जेनी तथा राधिका मित्र हैं। रीता 18 वर्ष की है। राधिका, रीता से छोटी है। रानी, राधिका और सुखदा के बीच है, जबकि रीता, जेनी और राधिका के बीच है। यदि बड़ी से छोटी लड़की की आयु में 2 वर्ष का अंतर है, तो सुखदा की आयु कितनी है?

(A) 10 वर्ष

(B) 12 वर्ष

(C) 14 वर्ष

(D) 16 वर्ष

**103.** शृंखला 17, 26, 37, 50, 65, ?, 101 के लिए लुप्त मान है


(A) 82

(B) 75

(C) 78

(D) 90

**104.** दिए गए आरेखों में चार मान किसी-न-किसी तरह से संबंधित हैं :




तीसरे आरेख के लिए लुप्त मान है

(A) 22

(B) 34

(C) 32

(D) 30



Teachingninja.in

**105.** निम्न में से कौन-सा आरेख दी गई परिघटनाओं के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है?

Moon, Earth, Universe

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**106.** Match, win से संबंधित है उसी तरह examination संबंधित है

(A) write से

(B) appear से

(C) success से

(D) attend से

**107.** प्रथम पाँच सम संख्याओं का योग है

(A) $(4 \times 5) + (4 \times 2)$

(B) $(5 \times 3) + (4 \times 5)$

(C) $(3 \times 4) + (4 \times 2) + 5$

(D) $(7 \times 3) + 9$

**108.** निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) भागलपुर और बेगुसराय

(B) गांधीनगर और गुजरात

(C) फूलगोबी (गोभी) और पत्तागोबी (गोभी)

(D) गेहूँ और चावल

**109.** निम्न अनुक्रम के लिए लुप्त मान कौन-सा है?

2, 8, 18, 32, ?

(A) 62

(B) 60

(C) 50

(D) 46

**110.** अगर $A + D > C + E$, $C + D = 2B$ और $B + E > C + D$, तो निम्न में से कौन-सा सही है?

(A) $A + B > 2D$

(B) $B + D > C + E$

(C) $A + D > B + E$

(D) $A + D > B + C$



Teachingninja.in

111. प्राचीनतम वेद कौन-सा है?

(A) यजुर्वेद

(B) ऋग्वेद

(C) सामवेद

(D) अथर्ववेद

112. सबसे अन्त में कौन-सी घटना हुई?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य का राज्याभिषेक

(B) अशोक का राज्याभिषेक

(C) मेगस्थनीज़ का भारत आगमन

(D) अशोक की कलिंग विजय

113. महात्मा गाँधी का जन्म किस वर्ष हुआ था?

(A) 1868 ई०

(B) 1869 ई०

(C) 1870 ई०

(D) 1871 ई०

114. महात्मा बुद्ध ने कहाँ 'महापरिनिर्वाण' प्राप्त किया?

(A) सारनाथ

(B) कुशीनगर

(C) बोधगया

(D) लुम्बिनी

115. 'सत्य शोधक समाज' की स्थापना किसके द्वारा की गई?

(A) दयानन्द सरस्वती

(B) डॉ० बी० आर० अम्बेडकर

(C) ज्योतिबा राव फुले

(D) केशव चन्द्र सेन

116. सबसे पहले कौन-सी घटना हुई?

(A) नादिर शाह का आक्रमण 1739

(B) प्लासी का युद्ध 1757

(C) पानीपत का तृतीय युद्ध 1761

(D) बक्सर का युद्ध 1764



Teachingninja.in

117. 1942 ई० में जयप्रकाश नारायण को किस नगर में जेल में रखा गया था?

(A) पटना

(B) हज़ारीबाग

(C) राँची

(D) भागलपुर

118. सूची–I को सूची–II के साथ मिलाइए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची–I (स्थान) | सूची–II (नगर) |
|---|---|
| a. आनन्द भवन | 1. मुंबई |
| b. साबरमती आश्रम | 2. अमृतसर |
| c. गेटवे ऑफ इन्डिया | 3. इलाहाबाद (प्रयागराज) |
| d. जलियाँवाला बाग | 4. अहमदाबाद |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

119. सूची–I को सूची–II के साथ मिलाइए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची–I (इमारत) | सूची–II (निर्माता) |
|---|---|
| a. अलाई दरवाजा | 1. शाहजहाँ |
| b. आगरे का किला | 2. नूरजहाँ |
| c. इतिमद-उद-दौला का मकबरा | 3. अलाउद्दीन खिलजी |
| d. दिल्ली का लाल किला | 4. अकबर |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

120. सिक्खों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) पानीपत

(B) अमृतसर

(C) दिल्ली

(D) पटना



Teachingninja.in

121. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में भारतीय भाषाओं की सूची सम्मिलित की गई है?

(A) पाँचवें

(B) छठे

(C) सातवें

(D) आठवें

122. डॉ० राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का स्थायी सभापति कब चुना गया था?

(A) नवम्बर 1946 ई०

(B) दिसम्बर 1946 ई०

(C) जनवरी 1947 ई०

(D) फरवरी 1947 ई०

123. किस संविधान संशोधन के द्वारा शिक्षा के अधिकार को एक मौलिक अधिकार के रूप में सम्मिलित किया गया है?

(A) 83वें

(B) 84वें

(C) 85वें

(D) 86वें

124. इनमें से कौन भारत के उपराष्ट्रपति कभी **नहीं** रहे?

(A) फखरुद्दीन अली अहमद

(B) डॉ० एस० राधाकृष्णन

(C) डॉ० ज़ाकिर हुसैन

(D) वी० वी० गिरि

125. 'स्वच्छ भारत अभियान' किस वर्ष प्रारम्भ किया गया?

(A) 2014 ई०

(B) 2015 ई०

(C) 2016 ई०

(D) 2017 ई०

126. पंचायती राज अपनाने वाला पहला राज्य कौन-सा था?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) मध्य प्रदेश

(C) बिहार

(D) राजस्थान

127. जुलाई 2021 ई० में भारत का संसदीय कार्य मंत्री किसे नियुक्त किया गया है?

(A) प्रह्लाद जोशी

(B) धर्मेन्द्र प्रधान

(C) पीयूष गोयल

(D) अश्विनी वैष्णव

128. जुलाई 2021 ई० में किसे कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किया गया?

(A) राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर

(B) रमेश बैस

(C) बन्डारू दत्तात्रेय

(D) थावर चन्द गहलोत



Teachingninja.in

129. भारत का महान्यायवादी किसके द्वारा नियुक्त किया जाता है?

(A) राष्ट्रपति

(B) प्रधानमंत्री

(C) विधि एवं न्याय मंत्री

(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश

130. वर्तमान समय में निम्न में से कौन-सा एक मौलिक अधिकार **नहीं** है?

(A) समानता का अधिकार

(B) सम्पत्ति का अधिकार

(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(D) स्वतंत्रता का अधिकार

131. निम्न में से कौन-सा नगर यमुना नदी के किनारे **नहीं** बसा है?

(A) दिल्ली

(B) आगरा

(C) अयोध्या

(D) मथुरा

132. 2011 की जनगणना के आधार पर, बिहार भारत का _____ सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है।

(A) दूसरा

(B) तीसरा

(C) चौथा

(D) पाँचवाँ

133. बिहार में कौन-सा जलप्रपात **नहीं** है?

(A) हुन्डू

(B) धुआ कुंड

(C) ककोलत

(D) मन्झर कुंड

134. निम्न में से कौन-सा बिहार की पश्चिमी सीमा पर स्थित है?

(A) नेपाल

(B) पश्चिम बंगाल

(C) उत्तर प्रदेश

(D) झारखण्ड

135. बिहार में कौन-सी नदी **नहीं** बहती है?

(A) फल्गु

(B) बागमती

(C) पुनपुन

(D) गोमती

136. क्षेत्रफल के अनुसार, सबसे विशाल महाद्वीप कौन-सा है?

(A) एशिया

(B) अफ्रीका

(C) यूरोप

(D) उत्तरी अमेरिका



Teachingninja.in

**137.** बिहार में कौन-सा खनिज पाया जाता है?

(A) क्वॉर्टजाइट

(B) पाइराइट

(C) अभ्रक

(D) उपर्युक्त सभी

**138.** यमुना नदी का उद्गम किस राज्य से होता है?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) उत्तर प्रदेश

(C) पंजाब

(D) उत्तराखण्ड

**139.** पृथ्वी दिवस होता है

(A) 16 सितम्बर को

(B) 22 अप्रैल को

(C) 21 जून को

(D) 2 मार्च को

**140.** हीराकुद बाँध किस नदी पर बनाया गया है?

(A) भागीरथी

(B) कृष्णा

(C) महानदी

(D) चम्बल

**141.** ए० टी० एम० का पूर्ण रूप है

(A) एनी टाइम मनी

(B) ऑल टाइम मनी

(C) ऑटोमेटेड टेलर मशीन

(D) ऑटोमैटिक टेलर मनी

**142.** 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किसकी ग्रामीण जनसंख्या सर्वाधिक है?

(A) पंजाब

(B) कर्नाटक

(C) असम

(D) झारखण्ड

**143.** नीति आयोग ने किस आयोग का स्थान लिया है?

(A) वित्त आयोग

(B) योजना आयोग

(C) परमाणु ऊर्जा आयोग

(D) वेतन आयोग

**144.** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

(A) राष्ट्रपति

(B) प्रधानमंत्री

(C) वित्त मंत्री

(D) संघ लोक सेवा आयोग



Teachingninja.in

145. निम्न में से बिहार में किसकी प्रचुर मात्रा में उपज होती है?

(A) चाय

(B) कॉफी

(C) तम्बाकू

(D) इलायची

146. मुजफ्फरपुर की लीची का 'ब्रांड नाम' है

(A) रानी लीची

(B) नवाबी लीची

(C) रसगुल्ला लीची

(D) शाही लीची

147. सूची–I को सूची–II के साथ मिलाइए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची–I (फसल/उपज) | सूची–II (अधिकतम उत्पादक राज्य) |
|---|---|
| a. जूट | 1. केरल |
| b. चाय | 2. उत्तर प्रदेश |
| c. गन्ना | 3. असम |
| d. रबड़ | 4. पश्चिम बंगाल |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

148. विश्व उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?

(A) जनवरी 15

(B) फरवरी 15

(C) मार्च 15

(D) अप्रैल 15

149. भारत में सरकार का वित्तीय वर्ष चलता है

(A) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक

(B) 1 मार्च से 28/29 फरवरी तक

(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक

(D) 1 फरवरी से 31 जनवरी तक

150. सहकारिता मंत्री का दायित्व किसे सौंपा गया है?

(A) अमित शाह

(B) नितिन गडकरी

(C) अर्जुन मुंडा

(D) नारायण राणे

[ P.T.O.



Teachingninja.in